कोटद्वार, रविवार
19 नवम्बर 2023
वर्षः 45
अंकः 200 पृष्ठः 8
मूल्यः 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

# युद्धस्तर पर चल रहा सिलक्यारा सुरंग रेस्क्यू कार्य : धामी

## सुरंग में फंसे श्रमिकों के रेस्क्यू के लिए आधुनिक तकनीक की मदद ले रही सरकार

जयन्त प्रतिनिधि

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सिलक्यारा सुरंग रेस्क्यू कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। पीएमओ के मार्गदर्शन में राज्य सरकार सुरंग में फंसे सभी श्रमिकों को सकुशल निकालने के प्रयास में जुटी है। सुरंग में फंसे लोगों के रेस्क्यू के लिए देश और दुनिया में ईजाद की गई आधुनिक तकनीक की मदद ली जा रही है। उम्मीद है कि जल्द इसमें सफलता मिल जायेगी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सिलक्यारा सुरंग में फंसे श्रमिकों के रेस्क्यू पर पल पल अपडेट ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने शनिवार को शासकीय आवास पर अधिकारियों के साथ श्रमिकों के बचाव के लिए चल रहे रेस्क्यू कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि रेस्क्यू ऑपरेशन में आ रही बाधाओं से निपटने के लिए हर आवश्यक कदम उठाए जाएं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भी लगातार बचाव अभियान का अपडेट लिया जा रहा है। ऐसे में ग्राउंड जीरो पर जो भी रेस्क्यू कार्य किया जा रहा है, अधिकारी एजेंसियों के साथ बेहतर समन्वय बनाकर समय पर अंजाम तक पहुंचाएं। रेस्क्यू कार्य के लिए जिन संसाधनों की जरूरत है, उनको तत्काल एजेंसियों को मुहैया करा कर तेजी से कार्य कराएं। सरकार की प्राथमिकता में श्रमिकों को सुरक्षित और समय पर बाहर निकालना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुसीबत में फंसे श्रमिकों के परिजनों के साथ सरकार खड़ी है। उन्होंने कहा कि विपदा की इस घड़ी में परिजनों को धैर्य बनाये रखने की जरूरत है। सरकार हर वक्त उनके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिलक्यारा सुरंग आपदा से निपटने के लिए देश और दुनिया में चले पुराने सुरंग रेस्क्यू के अनुभवों के आधार पर कार्य किए जा रहे हैं। इसके लिए अधिकारी पड़ोसी राज्य हिमचाल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर समेत दुनिया के कई देशों में सुरंग निर्माण और आपदा के बाद हुए रेस्क्यू की तकनीकी को अपना रहे हैं।

पीर पंजाल, अटल सुरंग, भंवर टोंक, सँगलदान जैसी बड़ी सुरंग निर्माण और लूज गिरने के बाद रेस्क्यू की जानकारी जुटाई जा रही है। इसी के अनुसार रेस्क्यू टीम श्रमिकों को बाहर निकालने के प्रयास में जुटी हैं। समीक्षा बैठक में अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, विशेष प्रमुख सचिव अभिनव कुमार, सचिव मुख्यमंत्री शैलेश बगौली, गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय, अपर पुलिस महानिदेशक ला एंड ऑर्डर ए.पी.अंशुमन, सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी एवं मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारी उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

### 41 मजदूरों को बचाने की जद्दोजहद जारी, हाईटेक मशीनरी के साथ अब भगवान से भी आस

**देहरादून।** उत्तरकाशी के सिलक्यारा सुरंग में पिछले सात दिन से 40 से ज्यादा जिंदगियों को बचाने की जद्दोजहर जारी है, लेकिन अभी तक कामयाबी हासिल नहीं हो पाई है। रेस्क्यू आपरेशन जारी है और उम्मीद है कि सुरंग में फंसे मजदूरों को जिंदा वापस लाया जा सके। अब भगवान का ही सहारा है और पूरी आस है कि मजदूरों को सही सलामत रेस्क्यू किया जा सके। भारी मशीनरी से हाईटेक टेक्नोलॉजी के साथ आपरेशन चल रहा है। दूसरी ओर सुरंग के मुहाने पर एक मंदिर की स्थापना की जा रही है, ताकि ईश्वर की कृपा हो जाए और बचाव अभियान कामयाब हो सके। ऐसा इसलिए किया जा रहा है, क्योंकि स्थानीय लोगों का मानना है कि स्थानीय देवता बाबा बौखनाग के प्रकोप से सुरंग ढही है। यह भी कहा जा रहा है कि सुरंग निर्माण के दौरान देवता का मंदिर ढहाया गया था, जिनके प्रकोप कारण सुरंग ढह गई। हालांकि इंटरनेशनल ड्रिलिंग एक्सपर्ट टीम का रेस्क्यू जारी है, लेकिन अमरीकी मशीन के बेयरिंग में खराबी आ गई है, जिसके चलते पिछले कल रेस्क्यू ऑपरेशन को रोकना पड़ा था, लेकिन अब फिर से टीम काम पर है।

### सुरंग में 41 जानः मजदूरों का फूटा गुस्सा

#### बोले– मजदूर नहीं टनल बचाना चाहते हैं अधिकारी



**उत्तरकाशी, एजेंसी।** सिलक्यारा सुरंग में फंसे मजदूरों को बाहर निकालने में देरी से साथी मजदूरों में आक्रोश है। शनिवार को मजदूरों ने सुरंग निर्माण से जुड़ी एनएचआईडीसीएल व निर्माण कंपनी नवयुगा के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि कंपनी गरीब मजदूरों को नहीं बल्कि सुरंग बचाना चाहती है। इसी कारण मजदूरों को बाहर निकालने में देरी की जा रही है। अंदर फंसे उनके साथियों का हौसला टूट रहा है और वह रो रहे हैं।

अंदर फंसे साथियों की चिंता कर रहे कुछ मजदूर रोने लगे, जिन्हें अधिकारियों ने ढांढस बंधाया। यमुनोत्री हाईवे पर निर्माणाधीन सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 मजदूरों को बाहर निकालने का रेस्क्यू ऑपरेशन शनिवार को सातवें दिन में प्रवेश कर चुका है। लेकिन अब तक कोई सफलता मिलती नजर नहीं आ रही है। इससे गुस्साए मजदूरों ने शनिवार को एकजुट होकर सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता प्रशांत प्रसाद के नेतृत्व में एनएचआईडीसीएल व नवयुगा कंपनी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी प्रशांत ने आरोप लगाया कि कंपनी यहां मजदूरों को नहीं बल्कि सुरंग को बचाना चाहती है। मजदूर हंसराज ने कहा कि यहां रेस्क्यू ऑपरेशन को गंभीरता से नहीं चल रहा है। अधिकारी पिकनिक मना रहे हैं। चंदन ने कहा कि अंदर फंसे उनके साथियों का हौसला अब टूट रहा है और वह रो रहे हैं। कहा कि एक मशीन फेल हो रही है तो दूसरी आती है। अंदर फंसे आदमी को कैसे समझाएं। वह तो यही कहते हैं कि हमको निकाल लो भाई।

चंदन ने बताया कि उनका इलेक्ट्रिशियन दोस्त सोनू कुमार हिम्मत हार रहा है। वह कह रहा है कि हमें कब तक बाहर निकालोगे, अंदर दम घुट रहा है। मजदूरों ने बैठक कर रहे अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन किया। बाद में एनएचआईडीसीएल के प्रबंध निदेशक मोहम्मद अहमद व अधीशासी निदेशक संदीप सुगेरा ने रेस्क्यू के तहत किए जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी दी।

ईडी संदीप सुगेरा ने कहा कि अंदर फंसे सभी लड़के उनके बच्चें की तरह हैं। वह भी उन्हें सुरंग से जल्द से जल्द बाहर निकालने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने रेस्क्यू के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। प्रबंधक निदेशक मोहम्मद अहमद ने सभी मजदूरों से रेस्क्यू ऑपरेशन में सहयोग की अपील की। इस दौरान अंदर फंसे साथियों की चिंता कर रहे कुछ मजदूर रोने लगे। जिन्हें ईडी संदीप सुगेरा ने ढांढस बंधाया कि सब को जल्द बाहर निकालेंगे।

# कांग्रेस ने राजस्थान को पार्टी का एटीएम बना दिया : अमित शाह



जयपुर ,(एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य में कथित भ्रष्टाचार और घोटालों को लेकर राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार पर निशाना साधा। अमित शाह ने कहा कि जब भाजपा राज्य में सरकार बनाएगी तो भ्रष्टाचारियों को बख्शा नहीं जाएगा।

अमित शाह ने अजमेर जिले में एक बड़ी सभा को संबोधित करते हुए कहा, मैं आपसे नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार बनाने का आग्रह करता हूं। हम भ्रष्टाचार के सभी मामलों की जांच करेंगे और जिन लोगों ने गरीबों का पैसा लिया है, उन्हें उल्टा कर सीधा कर दिया जायेगा।

शाह ने 'लाल डायरी' मुद्दे पर मुख्यमंत्री गहलोत पर हमला बोलते हुए कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार पिछले पांच साल से भ्रष्टाचार में लिप्त है। गहलोत सरकार ने पूरे राजस्थान को कांग्रेस का एटीएम बना दिया है। जब भी कांग्रेस को पैसे की जरूरत होती है, तो दिल्ली से उसके नेता पैसे लेने के लिए राजस्थान आते हैं।

राजस्थान अपराध, तुष्टिकरण और महिलाओं पर अत्याचार में नंबर वन है। महिला अपराध, साइबर क्राइम, पेपर लीक, पेट्रोल के दाम, बिजली दरें, महंगाई सूचकांक और मंडी टैक्स के मामले में प्रदेश नंबर वन है। गहलोत सरकार ने राजस्थान की जनता का जीना दुश्वार कर दिया है। अमित शाह ने 'कांग्रेस एक परिवार आधारित पार्टी' है करते हुए कहा, अशोक गहलोत वैभव गहलोत को राजस्थान में लॉन्च करना चाहते हैं। सोनिया गांधी केंद्र में राहुल गांधी को लॉन्च करना चाहती हैं। मैं कांग्रेस को बताना चाहता हूं, आपका लॉन्चिंग पैड खराब हो चुका है।15 साल से राहुल गांधी को लॉन्च करने की कोशिश हो रही है, लेकिन वह रॉकेट उड़ नहीं पाता, बल्कि हर बार वापस आ जाता है। वैभव गहलोत ने 2019 में जोधपुर से चुनाव भी लड़ा, लेकिन हार गए। अमित शाह ने यह भी कहा कि राजस्थान में भर्ती परीक्षाओं में घोटाले हुए हैं। पिछले पांच वर्षों में बार–बार पेपर लीक हुए, जिससे 1.40 करोड़ युवाओं का भविष्य खराब हो गया। राजस्थान में कानून–व्यवस्था की स्थिति पर शाह ने कहा, देश में अगर माताएं–बहनें कहीं असुरक्षित हैं तो वह राजस्थान में हैं। कन्हैया लाल हत्याकांड राजस्थान में हुआ था। 2019 में टोंक और डूंगरपुर में, 2021 में बारां और झालावाड़ में और 2022 में करौली, जोधपुर, छबड़ा, भीलवाड़ा, नोहर, मालपुरा और जयपुर में दंगे हुए। लेकिन सरकार ने वोट बैंक की राजनीति के लालच में कोई कदम नहीं उठाया। यह सरकार रिसॉर्ट्स में रहती है। उन्होंने पूछा, क्या वे लोग जो अपनी सरकार नहीं बचा सकते, हमारी सीमाएं बचा सकते हैं?

इसके अलावा अमित शाह ने कहा, वोट बैंक की राजनीति करते हुए गहलोत सरकार ने सारी हदें पार कर दीं। अलवर में 300 साल पुराना शिव मंदिर तोड़ा गया, सालासर में राम दरबार पर बुलडोजर चलाया गया, अवैध खनन के विरोध में एक संत ने आत्महत्या कर ली। ऐसी घटनाएं देश में कहीं से नहीं, सिर्फ राजस्थान से सामने आईं। कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है।

# यूपी में नहीं बिक पाएंगे 'हलाल' सर्टिफाइड उत्पाद



**लखनऊ , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश सरकार 'हलाल' सर्टिफाइड उत्पादों की बिक्री पर रोक लगाने की तैयारी कर रही है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि बिना किसी अधिकार के खान–पान व सौंदर्य प्रसाधन के उत्पादों को अवैध ढंग से 'हलाल सर्टिफिकेट' देने के काले कारोबार पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का चाबुक चलने जा रहा है। मजहब की आड़ लेकर एक धर्म विशेष को बरगलाने और अन्य धर्मों के बीच विद्वेष भड़काने की इस नापाक कोशिश का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया है और कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। आशंका है कि कूटरचित दस्तावेजों का सहारा लेकर हलाल सर्टिफिकेट के नाम पर इकट्ठा हो रही अवैध कमाई से आतंकवादी संगठनों व राष्ट्र विरोधी गतिविधियों की फन्डिंग की जा रही है। वहीं अब लखनऊकमिश्नरेट में एफआईआर भी दर्ज की गई है।एफआईआर के मुताबिक हलाल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड चेन्नई, जमीयत उलेमा हिन्द हलाल ट्रस्ट दिल्ली, हलाल काउंसिल ऑफ इंडिया मुम्बई, जमीयत उलेमा महाराष्ट्र मुम्बई आदि द्वारा एक धर्म विशेष के ग्राहकों को मजहब के नाम से कुछ उत्पादों पर हलाल प्रमाणपत्र प्रदान कर उनकी ब्रिकी बढ़ाने के लिए आर्थिक लाभ लेकर अवैध कारोबार चलाया जा रहा है। इन कंपनियों के पास किसी उत्पाद को प्रमाण पत्र देने का कोई अधिकार नहीं है। उक्त कम्पनियों द्वारा कूटरचित प्रमाण पत्र तैयार कर आर्थिक लाभ लेकर विभिन्न कम्पनियों को हलाल प्रमाण पत्र निर्गत किया जा रहा है। यह सामाजिक विद्वेष बढ़ाने वाला तो है ही जनआस्था के साथ छल है।शिकायतकर्ता ने इसे बड़ी साजिश की आशंका जताते हुए कहा है कि जिन कम्पनियों ने ऐसा हलाल प्रमाण पत्र इनसे नहीं प्राप्त किया है, उनके उत्पादन की बिक्री को घटाने का प्रयास भी किया जा रहा है, जो कि आपराधिक कृत्य है। आशंका है कि इस अनुचित लाभ को समाज विरोधी/राष्ट्र विरोधी तत्वों को पहुंचाया जा रहा है। खास बात यह कि शाकाहारी उत्पादों जैसे तेल, साबुन, टूथपेस्ट, मधु आदि की बिक्री के लिए भी हलाल प्रमाण पत्र दिया जा रहा है, जबकि शाकाहारी वस्तुओं पर ऐसे किसी प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं होती है। जाहिर है कि एक समुदाय विशेष एवं उनके उत्पादों के विरुद्ध आपराधिक षडयन्त्र किया जा रहा है।शिकायतकर्ता का आरोप है कि मजहब की आड़ लेकर एक वर्ग विशेष में अनर्गल प्रचार–प्रसार भी किया जा रहा है कि ऐसे उत्पाद का प्रयोग न करें जिसे इनकी कम्पनी द्वारा हलाल प्रमाणपत्र न दिया गया हो। परिणाम स्वरुप दूसरे समुदाय विशेष व्यावसायिक हितों का नुकसान हो रहा है। इस प्रकार आम नागरिकों के लिये उपयोग होने वाली वस्तुओं पर भी हलाल प्रमाण पत्र जारी कर अनुचित आर्थिक लाभ कमाने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है।उपरोक्त कम्पनियों द्वारा ऐसा न केवल आर्थिक लाभ के लिए बल्कि समाज में वर्ग विद्वेष फैलानें, आम जन मानस मे विभेद कराकर देश को कमजोर करने के लिए पूर्व सुनियोजित योजना के अनुसार किया जा रहा है। जिसमें उक्त कंपनियों के मालिक प्रबन्धक के अलावा अन्य तमाम लोगो की भी एक आपराधिक षडयंत्र के तहत सहभागिता है तथा इसमें राष्ट्र विरोधी षड्यंत्र करने वाले व देश को कमजोर करने वाले अन्य तमाम लोग भी शामिल है। शिकायतकर्ता ने उक्त लोगों द्वारा करोड़ों रुपये का अनुचित लाभ भी कमा कर उससे आतंकवादी संगठनों व राष्ट्र विरोधी गतिविधियों की फन्डिंग किये जाने की आशंका भी जताई है। गौरतलब है कि खान–पान के उत्पादों की गुणवत्ता आदि के प्रमाण पत्र के लिए एफएसएसएआई व आईएसआई जैसी संस्थाओं को अधिकृत किया गया है।

## कांग्रेस जहां–जहां आती है, वहां–वहां आतंकवादी, अपराधी और दंगाई हो जाते हैं बेलगाम : पीएम मोदी




**भरतपुर, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण की राजनीति करने, नौजवानों के भविष्य से खिलवाड़, महिलाओं की सुरक्षा में लापरवाही एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए कहा है कि कांग्रेस जहां–जहां आती है, वहां–वहां आतंकवादी, अपराधी और दंगाई बेलगाम हो जाते हैं।

## डॉ. खैरवाल को मिली नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी

**देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर प्रदेश के अंतर्गत कार्यरत विभिन्न केंद्रीय संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित करने के लिए वरिष्ठ आईएएस अधिकारी डॉ. नीरज खैरवाल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। डॉ. खैरवाल बतौर नोडल अधिकारी उत्तराखण्ड राज्य के अंतर्गत कार्यरत विभिन्न केंद्रीय संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित करने, उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों का अनुश्रवण करेंगे। इसके साथ ही आवश्यकतानुसार राज्य की ओर से सहयोग एवं सुझाव भी केन्द्रीय संस्थाओं को प्रेषित करेंगे।

# भूबैकुंठ श्री बदरीनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए हुए बंद

## साढ़े पांच हजार श्रद्धालु बनें कपाट बंद होने के साक्षी



**चमोली** : विश्व प्रसिद्ध श्री बदरीनाथ धाम के कपाट श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय की उपस्थिति में शनिवार अपराह्न तीन बजकर तैतीस मिनट पर पूजा-अर्चना के पश्चात कार्तिक शुक्ल षष्ठी श्रवण नक्षत्र में शीतकाल हेतु बंद हो गए है। कुछ दिन पहले हुई बर्फबारी के बाद कपाट बंद होने के दौरान आज मौसम साफ रहा। कपाट बंद होने के अवसर पर बद्रीनाथ मंदिर को फूलों से सजाया गया था। सिंहद्वार परिसर में गढ़वाल स्काट के बैंड की भक्तिमय धुनों से संपूर्ण बदरीनाथ गुंजायमान हो रहा था। जय बदरी विशाल के उदघोष गूंज रहे थे।

कपाट बंद के समय साढ़े पांच हजार से अधिक श्रद्धालुजन तीर्थयात्री कपाट बंद होने के साक्षी बने। कपाट बंद के पश्चात बदरीनाथ से रविवार 19 नवंबर प्रात श्री उद्धव जी, श्री कुबेर जी की देव डोली पांडुकेश्वर तथा आदिगुरू शंकराचार्य जी की गद्दी श्री नृसिंह मंदिर जोशीमठ प्रस्थान करेगी। कपाट बंद होने के अवसर पर श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा तथा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा-निर्देशन में इस यात्रा वर्ष बद्रीनाथ-केदारनाथ यात्रा ऐतिहासिक रही है। इस बार सबसे अधिक अड़तीस लाख रिकार्ड तीर्थयात्री बदरी-केदार पहुंचे है। जिनमें से आज कपाट बंद तक अठारह लाख चालीस हजार से अधिक तीर्थयात्री बदरीनाथ धाम पहुंचे है। उन्होंने यात्रा में योगदान करने वाले सभी व्यक्तियों, संस्थानों को बधाई दी है। मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि कपाट खुलने की तिथि से 17 नवंबर 2023, शुक्रवार देर रात तक 18 लाख 36 हजार 519 तीर्थयात्री बदरीनाथ धाम पहुंचे है, जोकि पिछले सभी यात्रा वर्षों में सबसे अधिक है। कपाट बंद होने की प्रक्रिया 14 नवंबर से शुरू हो गयी थी। इस दिन श्री गणेश जी के कपाट बंद हुए। 15 नवंबर को आदि केदारेश्वर तथा आदि गुरु शंकराचार्य मंदिर के कपाट बंद हुए। 16 नवंबर को खडग पुस्तक पूजन तथा 17 नवंबर को महालक्ष्मी जी की पूजा कढ़ाई भोग संपन्न हुआ। 18 नवंबर को रोज की तरह प्रातः महाभिषेक के बाद बालभोग लगा। दिन में 11 बजे राजभोग लगा। उसके बाद मंदिर बंद नहीं हुआ। पौने एक बजे अपराह्न सायं कालीन पूजा शुरू हुई। पौने दो बजे रावल जी ने स्त्री रूप धारण कर लक्ष्मी जी को बद्रीनाथ मंदिर गर्भगृह में विराजमान किया। इससे पहले श्री उद्धव जी एवं श्री कुबेर जी मंदिर प्रांगण में विराजमान हुए। सवा दो बजे सायं कालीन भोग तथा शयन आरती संपन्न हुई। ढाई बजे से साढ़े तीन बजे तक रावल द्वारा कपाट बंद की रस्म पूरी करते हुए भगवान बदरी विशाल को माणा महिला मंडल द्वारा हाथ से बुना गया ऊन का घृत कंबल औढ़ाया। तीन बजकर तैतीस मिनट पर श्री बदरीनाथ मंदिर गर्भगृह तथा मुख्य सिंह द्वार के कपाट रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी द्वारा शीतकाल हेतु बंद कर दिए गए। इसके साथ ही कुबेर जी रात्रि प्रवास हेतु बामणी गांव चले गए। इस दौरान बदरीनाथ धाम के धर्माधिकारी आचार्य राधा कृष्ण थपलियाल तथा वेद पाठी रविंद्र भट्ट द्वारा रावल के साथ पूजा-अर्चना संपन्न की गयी। कपाट बंद होने के अवसर पर मंदिर समिति उपाध्यक्ष किशोर पंवार, मंदिर समिति सदस्य वीरेंद्र असवाल, भास्कर डिमरी, सदस्य आशुतोष डिमरी, सुभाष डिमरी, पुलिस अधीक्षक रेखा यादव, मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिंह, उपजिलाधिकारी/डिप्टी सीईओ कुमकुम जोशी, प्रभारी अधिकारी अनिल ध्यानी, ईओ नगर पंचायत सुनील पुरोहित, मंदिर अधिकारी राजेंद्र चौहान, थाना प्रभारी लक्ष्मी प्रसाद बिजल्वाण, एई गिरीश देवली मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ आदि मौजूद रहे।

# पाकिस्तान के हालात बद से बदतर : एयरलाइंस के बाद अस्पतालों के बंद होने की आई नौबत



इस्लामाबाद ,आर्थिक तंगी से गुजर रहे पाकिस्तान में अब अस्पतालों के बंद होने की नौबत आ गई है। इस्लामाबाद के 5 पब्लिक सेक्टर के अस्पताल और लाहौर के शेख जायद अस्पताल बंद होने के कगार पर पहुंच गया है। इसका मुख्य कारण यह है कि वित्त प्रभाग ने इन अस्पतालों के सुचारू कामकाज के लिए संघीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा 11 बिलियन पाकिस्तानी रुपया (पीकेआर) प्रदान करने के अनुरोध को खारिज कर दिया। रिपोर्ट के अनुसार, अस्पताल के कई कर्मचारियों की सैलरी रोक दी गई है। इसके कारण पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज की नर्सें एक हफ्ते से अधिक समय से विरोध प्रदर्शन कर रही हैं। टेस्टिंग किट के स्टॉक खत्म होने के कारण इन अस्पतालों की लैब भी जल्द ही पूरी तरह से काम करना बंद कर देंगी। जानकारी के अनुसार, रेडियोलॉजी टेस्ट को भी बंद कर दिया जा रहा है क्योंकि फिल्में उपलब्ध नहीं हैं। वहीं, मरीजों को दवाएं नहीं मिल रही है क्योंकि कंपनियों को टेंडर राशि का भुगतान नहीं किया गया है। इसके कारण जो अस्पताल और विभाग प्रभावित होंगे उनमें संघीय राजधानी के पांच अस्पताल पिम्स, पॉलीक्लिनिक, फेडरल जनरल हॉस्पिटल, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिहैबिलिटेशन मेडिसिन , डिस्पेंसरी, बुनियादी स्वास्थ्य यूनिट, स्वास्थ्य मंत्रालय के सहायक विभाग और संस्थान शामिल हैं। लाहौर का शेख जायद अस्पताल भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है क्योंकि यह संघीय स्वास्थ्य मंत्रालय के वित्त पोषण से चलता है। वित्त प्रभाग ने स्वास्थ्य मंत्रालय को लिखित रूप में सूचित किया है कि, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की पूर्व शर्तों के अनुसार, धन केवल आपदा की स्थिति में ही जारी किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि, पाकिस्तान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने पिछले महीने वित्त मंत्रालय से अस्पतालों, संगठनों और मंत्रालय के सहायक विभागों के सुचारू कामकाज के लिए 11.096 बिलियन पीकेआर का पूरक अनुदान जारी करने का अनुरोध किया था। वित्त प्रभाग द्वारा लिखे गए पत्र में कहा गया है, 'राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा मंत्रालय के 11.096 बिलियन पीकेआर के पूरक/तकनीकी अनुपूरक अनुदान के प्रस्ताव पर वित्त प्रभाग में विचार किया गया है। आईएमएफ के साथ प्रतिबद्धता के अनुसार, नई सरकार के गठन तक (गंभीर राष्ट्रीय आपदा होने को छोड़कर) वित्त वर्ष 2023–24 में संसदीय अनुमोदित स्तर से अधिक किसी भी अतिरिक्त अनबजट खर्च के लिए कोई अनुपूरक अनुदान की अनुमति नहीं दी जा सकती है। सूत्र ने कहा कि स्थिति और भी खराब हो सकती है क्योंकि अस्पतालों में कई डॉक्टरों, नर्सों और अन्य कर्मचारियों को या तो वेतन नहीं मिल रहा है या धन की अनुपलब्धता के कारण अगले महीने उनका वेतन रोक दिया जाएगा। आने वाले महीनों में डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ, दवाइयों और जांच की सुविधाओं की भारी कमी हो सकती है।

## एमपी में 75, छत्तीसगढ़ में 70 फीसदी वोटिंग, गरियाबंद में नक्सलियों का हमला, जवान शहीद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मध्य प्रदेश में सभी 230 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ रहे 2533 प्रत्याशियों की किस्मत शुक्रवार को ईवीएम में कैद हो गई है। प्रदेश में 75 प्रतिशत वोटिंग हुई। सबसे अधिक 82 प्रतिशत वोट आगर मालवा जिला में डाले गए, तो सबसे कम भिंड जिला में 58.41 फीसदी वोट पड़े। गौरतलब है कि मुंगावली विधानसभा के ढुड़ेर गांव में बिजली चले जाने के चलते टॉर्च की रोशनी में मतदान कराया गया। भोपाल में मतदान केंद्र हिंद कॉन्वेंट स्कूल में विवाद का एक वीडियो सामने आया, जिसमें मंत्री विश्वास सारंग युवक पर हाथ उठाते हुए नजर आए। इंदौर–4 विधानसभा सीट पर कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ताओं में मारपीट हो गई।वीडियो में भाजपा विधायक मालिनी गौड़ के बेटे एकलव्य सिंह भी मारपीट करते नजर आ रहे हैं। छतरपुर के राजनगर में कांग्रेस प्रत्याशी विक्रम सिंह नाती राजा की गाड़ी चला रहे पार्षद की कुचलने से मौत हो गई।

इस मामले में भाजपा प्रत्याशी अरविंद पटेरिया सहित उनके 18–20 साथियों पर केस दर्ज किया गया है।

# गाजा पट्टी के अस्पतालों में इस्राइली सेना की कार्रवाई, ईंधन की किल्लत से 24 मरीजों की मौत



**तेल अवीव , एजेंसी।** गाजा के सबसे बड़े हॉस्पिटल– अल शिफ़ा अस्पताल में ऑक्सीजन, ईंधन और अन्य बुनियादी चीजों की किल्लत की खबर है। तीन नवजात शिशुओं और 24 अन्य रोगियों की मौत हो गई है। ईंधन की आपूर्ति खत्म होने के कारण स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। हिंसक संघर्ष के कारण अब तक दोनों पक्षों को मिलाकर 11 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

दरअसल, इस्राइल और हमास के हिंसक संघर्ष के बीच गाजा पट्टी में लड़ाई तेज हो गई है। करीब 42 दिनों से जारी लड़ाई के बीच इस्राइल लगातार हमास को नेस्तनाबूंद करने का संकल्प दोहरा रहा है। इस्राइली सेना की योजना और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की आक्रामक नीतियों के बीच मानवीय संकट लगातार गहराता जा रहा है। कई देशों ने तत्काल युद्धविराम की अपील भी की है, लेकिन इस्राइल ने कहा है कि वह दक्षिण गाजा सहित हमास के अस्तित्व वाले किसी भी स्थान पर हमला करेगा, भले ही वहां नागरिक शरण ले रहे हों।

बीते 7 अक्तूबर को हमास के हमले में 1400 इस्राइलियों के मारे जाने के बाद इस्राइल ने जमीनी हमला शुरू कर दिया। 42 दिनों के युद्ध के बीच अल शिफा अस्पताल नवीनतम युद्ध क्षेत्र बन गया है। ऐसा इसलिए क्योंकि इस्राइली सैनिक हमास को नष्ट करने के लिए गाजा में कार्रवाई जारी रखे हुए है।

फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, गाजा के सबसे बड़े अस्पताल में ऑक्सीजन, ईंधन और अन्य बुनियादी चीजों की आपूर्ति खत्म हो गई है। इसके परिणामस्वरूप तीन नवजात शिशुओं और 24 अन्य मरीजों की मौत हो गई है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल–कुद्रा ने कहा, पिछले 48 घंटों में विभिन्न विभागों में चौबीस मरीजों की मौत हो गई है। बिजली कटौती के कारण महत्वपूर्ण चिकित्सा उपकरण ठप हो चुके हैं। इस्राइली सैनिकों ने आज तीसरे दिन अस्पताल में तलाशी ली, उनका दावा है कि हमास ने अस्पताल का इस्तेमाल कमांड सेंटर के रूप में किया जा रहा है। इस्राइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने हमास की सुरंगों के वीडियो जारी किए हैं। सुरंगों के बारे में हमास का दावा है कि अस्पताल परिसर में सुरंग पाए गए थे। आईडीएफ ने अल शिफा में एक बंधक का शव मिलने का भी दावा किया है। इस्राइल ने संचार ब्लैकआउट को समाप्त करने के लिए सीमित डिलीवरी की अनुमति देने के अमेरिकी अनुरोध को स्वीकार कर लिया है। सहमति बनने के बाद ईंधन की पहली खेप मिस्र से गाजा भेजी गई। अब सहायता काफिले को दो दिनों के लिए रोक दिया गया है।

उत्तरी गाजा पर हमले के बाद, इस्राइल ने एक ताजा चेतावनी जारी की है। इसमें दक्षिणी इलाके में नागरिकों से स्थानांतरित होने और युद्ध क्षेत्र में आने से बचने को कहा गया है। इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के सहयोगी मार्क रेगेव ने कहा, "हम लोगों से सुरक्षित जगहों पर जाने के लिए कह रहे हैं। मुझे पता है कि उनमें से कई लोगों के लिए यह प्रक्रिया आसान नहीं है, लेकिन हम नागरिकों को गोलीबारी के बीच फंसते नहीं देखना चाहते।"

इस्राइल रक्षा बलों के प्रवक्ता डेनियल हगारी ने कहा कि जहां भी हमास मौजूद है वहां सेना आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा, "हम अपने ऑपरेशन को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह पट्टी के दक्षिण सहित, जहां भी हमास मौजूद है, वहां होगा।"गौरतलब है कि बीते 7 अक्तूबर को हुए आतंकी हमलों के बाद से इस्राइली सेना ने गाजा शहर के अधिकांश हिस्से पर बमबारी कर उसे मलबे में तब्दील कर दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक पीएम नेतन्याहू के निर्देश पर सेना को एन्क्लेव के पूरे उत्तरी आधे हिस्से को ख़त्म करने का आदेश मिला है। मानवीय संकट गहराने का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अब तक (पिछले 42 दिनों में) गाजा पट्टी के 2.3 मिलियन फलस्तीनियों में से लगभग दो–तिहाई लोग बेघर हो चुके हैं।

## तेज रफ्तार कार ने स्कूटी को मारी टक्कर, युवक घायल

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : नजीबाबाद रोड पर सूर्या नगर के समीप एक तेज रफ्तार कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी। दुर्घटना में स्कूटी सवार युवक घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया।

झंडाचौक निवासी हर्षित बिश्नोई शुक्रवार रात 9:00 बजे के करीब स्कूटी से अपने घर लौट रहे थे। इस दौरान सूर्या नगर के समीप गली से निकलकर जैसे वह नेशनल हाईवे पर पहुंचा। तभी बाजार की ओर जा रही एक तेज रफ्तार कार ने उसकी स्कूटी को टक्कर मार दी। जिससे हर्षित घायल हो गया।

वहां से गुजर लोगों ने उसे बेस अस्पताल में भर्ती कराया। एसएसआई जयपाल सिंह चौहान ने बताया कि पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है। मामले में अभी दोनों पक्षों की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है।

# पुष्पा को बचाने के लिए भालू से भिड़ गई लक्ष्मी देवी

**गांव के समीप घास लेने गई महिलाओं पर भालू ने किया हमला , आए दिन गांव के आसपास घूमता हुआ नजर आ रहा भालू**

जयन्त प्रतिनिधि

**कोटद्वार** : द्वारीखाल ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम बिरमोली में अपनी साथी पुष्पा देवी को बचाने के लिए लक्ष्मी देवी भालू से भिड गई। भालू के हमले में घायल दोनों महिलाओं को राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार लाया गया है। हर कोई लक्ष्मी देवी के इस हौसले की प्रशंसा कर रहा है। उधर, गांव में लगातार बढ़ रही भालू की धमक से ग्रामीणों में भय बना हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग से भालू के आतंक से निजात दिलवाने की मांग की है। कहा कि भालू के डर से ग्रामीणों का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है।

घटना शुक्रवार देर शाम की है। बिरमोली निवासी लक्ष्मी देवी (48) व पुष्पा देवी (50) गांव के समीप मवेशियों के लिए घास लेने गई हुई थी। इसी दौरान अचानक झाड़ियों से निकले भालू ने पुष्पा देवी पर हमला कर दिया। मौके पर खड़ी लक्ष्मी देवी ने जब पुष्पा पर हमला होते देखा तो वह हाथ में पकड़ी दराती के सहारे भालू से भिड़ गई। दराती से वार होते ही भालू ने पुष्पा देवी को छोड़ा और लक्ष्मी देवी पर हमला कर दिया। लेकिन, लक्ष्मी देवी के बुलंद हौसलों के आगे भालू भी पस्त पड़ गया और चंद मिनट में ही वह वापस जंगल की ओर भाग गया। चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीण घायल लक्ष्मी देवी व पुष्पा देवी को राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार लाये। हमले में भालू ने दोनों महिलाओं के हाथों में अपने नाखून चुभा दिए थे। वहीं, ग्राम प्रधान मानसी देवी ने बताया कि गांव में लगातार भालू की धमक बढ़ती जा रही है। शाम ढलते ही ग्रामीणों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है।



कोटद्वार बेस अस्पताल में उपचार करवाने पहुंची लक्ष्मी देवी व पुष्पा देवी

# हर्षित मिस्टर फ्रेशर, प्रियांशी मिस फ्रेशर, तनीशा मिस स्पार्क और शिवम बनें मिस्टर स्पार्क

### एसजीआरआर पैरा मेडिकल कॉलेज में मनाया गया फ्रेशर्स डे

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : पदमपुर स्थित एसजीआरआर पैरामेडिकल कॉलेज द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-24 में फ्रेशर्स का स्वागत समारोह 'फ्रेशर्सडे 2023 मनाया गया। नये छात्रों का गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया। इसके बाद छात्रों ने संगीत एवं नृत्य प्रस्तुतियां दीं। 'फ्रेशर्सडे 2023-आगाज' में मिस्टर फ्रेशर हर्षित थपलियाल, मिस फ्रेशर प्रियांशी, मिस स्पार्क तनीशा रावत, मिस्टर स्पार्क शिवम राणा चुने गए। कार्यक्रम की शुरूवात प्राचार्य डॉ. गिरीश उनियाल ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर की। उन्होनें कहा कि यह कार्यक्रम वास्तव में नवागंतुकों के लिए प्रतिभा दिखाने का बेहतरीन मंच हैं। आपको जीवन में पूरी सीढ़ी देखने की जरूरत नहीं है, बस अपनी यात्रा आत्मविश्वास और ईमानदारी से पूरे समर्पण के साथ कदम दर कदम शुरू करने की आवश्यकता है। आप सभी प्रतिभाशाली हैं और दुनिया पर सकारात्मक प्रभाव डालने की क्षमता रखते हैं। हमेशा खुद पर विश्वास रखें और अपने सपनों को कभी न छोड़ें। उन्होंने कहा कि युवा अपने लक्ष्यों की दिशा में काम करें और अपने भविष्य के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत के महत्व को सीखना पसंद करें। इस मौके पर नवागंतुको द्वारा प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया गया। रैंपवॉक, गायन, गढ़वाली नृत्य, मिमिकरी आदि जैसी कई प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया गया, जिससे पंडाल में बैठे सभी लोग मंत्र मुग्ध हो गये। इस मौके पर प्रणव राज बमराड़ा, ऋतु उनियाल, डॉ. शिवी शर्मा, ओशिन जोशी, डॉ. कुनाल बिजलवाण, अखिल भारद्वाज, अंकित भारद्वाज, नीरज बिष्ट, कमल, आशीष, सुधीर, पूनम, अभिषेक, शशि आदि मौजूद रहे।

# कृतिका पटवाल व अंकुश रावत रहे अव्वल

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : नगर निगम के अंतर्गत जानकीनगर स्थित रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में गढ़वाली भाषा के संवर्धन के प्रयास के अंतर्गत गढ़वाली भाषा पर आधारित एकल लोकगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रतियोगिता में कृतिका पटवाल व अंकुश रावत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं निर्णायक लोक कलाकार प्रकाश मोहन गढ़वाली, वीरेंद्र भंडारी, धीरज सिंह एवं प्रधानाचार्य मनोज कुकरेती ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम संयोजक रोहित बलोदी ने बताया कि प्रतियोगिता में नगर के 15 विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में जूनियर स्तर पर विद्या मंदिर जानकीनगर की कृतिका पटवाल प्रथम, बाल भारती पब्लिक स्कूल की अवनी काला द्वितीय तथा टीसीजी पब्लिक स्कूल की दिशा रावत तृतीय स्थान पर रही। सीनियर वर्ग में विद्या मंदिर जानकीनगर के अंकुश रावत ने पहला, सिद्धबली पब्लिक स्कूल की कशिश शर्मा ने दूसरा तथा एमकेवीएन के ओमवीर पुंडीर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य मनोज कुकरेती ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संगीताचार्य देवेंद्र कुमार, सह व्यवस्थापक केपी नैथानी, कांता प्रसाद, शिशु मंदिर प्रधानाचार्य प्रदीप नौटियाल, उपप्रधानाचार्य अनिल कोटनाला, राकेश चमोली, मोहन गुसाईं, राहुल भाटिया, राजन शर्मा, शिवराम बडोला, संगीता रावत और सरोज नेगी आदि उपस्थित रहे।



प्रतियोगिता में अव्वल विद्यार्थियों को सम्मानित करते शिक्षक व अन्य

# वाद-विवाद प्रतियोगिता में निखिल और राखी रही प्रथम

**वरिष्ठ नागरिक संगठन की ओर से आयोजित की गई प्रतियोगिता**

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : वरिष्ठ नागरिक संगठन की ओर से आयोजित अंतर विद्यालयी वाद-विवाद प्रतियोगिता में निखिल और राखी प्रथम स्थान पर रहे। इस दौरान प्रतियोगिता के अव्वल विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया।

जीआईसी कोटद्वार में आयोजित प्रतियोगिता का उद्घाटन वरिष्ठ नागरिक संगठन के अध्यक्ष सेवानिवृत्त कैप्टन पीएल खंतवाल ने किया। इस मौके पर सोशल मीडिया के लाभ व हानि शीर्षक पर आयोजित प्रतियोगिता में जीआईसी कोटद्वार के निखिल और राखी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि एमकेवीएन की छात्रा अंशिका नेगी और आंचल गुसाईं द्वितीय स्थान पर रहे। निण्र्ायक की भूमिका रिपुदमन सिंह बिष्ट, सुदर्शन सिंह बिष्ट एवं चित्रमणि देवलियाल ने निभाई। प्रतियोगिता में नगर के सात विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान जीआईसी सुखरो, ज्ञान भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल, स्कॉलर एकेडमी, जीजीआईसी कोटद्वार की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं। एसजीआरआर देवी रोड के छात्र देव सिंह थपलियाल की ओर से प्रस्तुत नृत्य को खूब सराहा गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि ने विजेताओं को स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रतियोगिता के संयोजक एवं पूर्व प्रधानाचार्य जयवीर सिंह रावत, संगठन के कोषाध्यक्ष महेंद्र कुमार अग्रवाल, नरेंद्र कुमार अग्रवाल, केएस चौहान, विनोद नेगी, प्रधानाचार्य मुकेश रावत आदि मौजूद रहे।

# माता-पिता व गुरू प्रत्यक्ष देवता : ममगांई



जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : कल्जीखाल के चोपडा में भागवत कथा श्रवण के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड रही है। यहां ब्लाक प्रमुख महेन्द्र राणा अपने पूर्वजों की पुण्य स्मृति में भागवत कथा करवा रहे हैं। कथा श्रवण के लिए बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट, पूर्व सीएम एवं सांसद गढ़वाल तीरथ सिंह रावत व विधायक लैंसडौन दलीप रावत भी पहुंचे।

कथा व्यास आचार्य शिव प्रसाद ममगांई ने माता-पिता व गुरू को प्रत्यक्ष देवता बताया। कहा कि इनका नित्य प्रति स्मरण कर उनका आदर करना चाहिए। श्रीराम ने माता-पिता के कहने पर अपने राजपाट का त्याग कर वन को गमन किया। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने इस मौके पर कहा कि धर्म हमें जोडना सिखाता है। धार्मिक आयोजनों से समाज को एकजुट करते रहना चाहिए। सांसद तीरथ सिंह रावत ने कहा कि हमें अपनी संस्कृति को बचाने के लिए इस प्रकार के आयोजन करने जरूरी है। हमारी युवा पीढी धर्म से भटक रही है। महंत एवं विधायक लैंसडाउन दिलीप रावत ने कहा कि हमारे धार्मिक प्रदेश में धार्मिक कार्यक्रम होने चाहिए। इससे हमारे समाज को नई दिशा मिलेगी।

कथा श्रवण के लिए पूर्व विधायक टिहरी जोत सिंह बिष्ट भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि समाज आज अत्याधुनिक दुनिया की चकाचौंध में धार्मिक कामों के मूल्य को भूल रहा है। इस दौरान पौड़ी के विधायक राजकुमार पोरी, ब्लाक प्रमुख एकेश्वर नीरज पांथरी, भाजपा जिला अध्यक्ष पौडी सुषमा रावत, मातवर सिंह रावत, विजय रौथाण, कुलभूषण, ज्येष्ठ उपप्रमुख नीलम नैथानी, प्रधान संगठन अध्यक्ष अर्जुन सिह नेगी, प्रधान संगठन अध्यक्ष कल्जीखाल रमेश चन्द्र शाह सहित स्थानीय श्रोताओं ने कथा का श्रवण किया।

## दिव्यांग जनों को दी व्हील चेयर, ट्राई साइकिल व बैसाखी

जयन्त प्रतिनिधि।

**घमंडपुर में आयोजित किया गया दिव्यांग सहायता एवं स्वास्थ्य शिविर**

**कोटद्वार** : घमंडपुर में आयोजित दिव्यांग सहायता एवं स्वास्थ्य शिविर में दिव्यांग जनों को व्हील चेयर, ट्राई साइकिल के साथ ही अन्य सामान वितरित किया गया। इस दौरान मशरूम गर्ल दिव्या रावत ने लोगों से स्वरोजगार से जुड़कर अपनी आर्थिकी को मजबूत बनाने की अपील की।

आयोजित शिविर का शुभारंभ मशरूम गर्ल दिव्या रावत, दुर्गा वाहिनी सोशल वेल्फेयर सोसाइटी के अध्यक्ष टीटू त्योगी व डा. महिमा शांडिल्या ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिव्य रावत ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य आमजन को स्वरोजगार से जोड़ने के साथ ही दिव्यांगों की मदद करना है। इसके लिए वह पूरी गंभीरता से कार्य कर रही है। इस दौरान उन्होंने दिव्यांगों को व्हील चेयर, ट्राई साइकिल, बैसाखी, छड़ी वितरित की। कार्यक्रम में साथ ही दिव्यांग जनों के स्वास्थ्य की भी जांच की गई। इस मौके पर रेखा कंडारी, करुणा, पूजा रावत, सरोज बाला, रिंकी बलूनी, पुष्पा कुकरेती, विमलेश नेगी, रोशनी नेगी, शकुंतला देवी, रेनू रावत, रिंकी आदि मौजूद रहे।

# छात्र-छात्राओं ने सीखी कंप्यूटर साइंस की आधुनिक तकनीक

**आईएचएमएस में आयोजित की गई कैरियर मेंटरशिप कार्यशाला**

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : इंस्टिट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) की ओर से कैरियर मेंटरशिप कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने आईटी के क्षेत्र होने वाले बदलाव और कंप्यूटर साइंस की आधुनिक तकनीक की जानकारी ली।

बलभद्रपुर स्थित संस्थान परिसर में कंप्यूटर साइंस विभाग की ओर आयोजित कार्यशाला का संस्थान के एमडी बीएस नेगी ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आईटी सेक्टर में अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं से आईटी की आधुनिक तकनीक को सीखकर अपना भविष्य बनाने की अपील की। इस अवसर पर एक सॉफ्टवेयर कंपनी से आए विशेषज्ञ संदीप भंडारी ने बीसीए और बीएससी आईटी के करीब 110 छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर साइंस की बारीकियों की जानकारी दी।

उन्होंने कोडिंग, ट्रेनिंग प्रोग्राम, एआई तकनीक और मशीन लर्निंग प्रोग्राम की बारीकियां बताई। उन्होंने कहा कि संस्थान में कंप्यूटर साइंस की शिक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को उनकी सॉफ्टवेयर कंपनी में रोजगार का अवसर दिया जाएगा। इस अवसर पर संस्थान के ईडी अजयराज नेगी, डायरेक्टर एडमिन कर्नल बीएस गुसाईं, डायरेक्टर एकेडमिक डॉ. सुनील कुमार, कंप्यूटर साइंस की विभागाध्यक्ष विजयश्री खुगशाल, आशुतोष द्विवेदी, आशुतोष वशिष्ठ, संदीप आर्य आदि मौजूद रहे।



आईएचएमएस में आयोजित कार्यशाला में जानकारी देते विशेषज्ञ

# पंचायत विकास सूचकांक का डाटा सही तरह से तैयार करें : सीडीओ

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : पंचायत विकास सूचकांक डाटा तैयार किये जाने को लेकर विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पाण्डेय की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में जनपद स्तरीय, विकासखंड स्तरीय, न्याय पंचायत व ग्राम पंचायत स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

आयोजित कार्यशाला में मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को 15 दिन के भीतर पंचायत विकास सूचकांक का डाटा तैयार कर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं।

उन्होंने कहा कि पंचायत विकास सूचकांक अंतर्गत सरकार द्वारा 577 बिन्दुओं पर डाटा तैयार किया जाना है, जिसमें विभिन्न विभागों से डाटा संग्रह कर पंचायतवार डाटा तैयार किया जाना है। पंचायतवार सभी डाटा प्रखंडस्तरीय विभाग से सत्यापित कर सरकार द्वारा उपलब्ध फॉर्मेट पर ऑनलाइन किया जा जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि पंचायत विकास सूचकांक की गणना एवं बेस लाइन रिपोर्ट हेतु गुणवत्तायुक्त डाटा मुख्य आधार है, जिसके लिए डाटा का एकत्रीकरण व रख-रखाव के लिए ग्राम पंचायत से राज्य स्तर पर तक सभी विभागों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक होगी। कार्यशाला में पंचायत विकास सूचकांक में गरीबी मुक्त एवं उन्नत आजीविका ग्राम, स्वस्थ गांव, बाल हितैषी पंचायत, जल पर्याप्त पंचायत, स्वच्छ एवं हरित पंचायत, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे सामाजिक रूप से सुरक्षित पंचायत, सुशासन पंचायत एवं महिला हितैषी पंचायत को संकेतन जैसे विषयों पर गहनता से विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला में मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ. देवेंद्र सिंह बिष्ट, जिला समाज कल्याण अधिकारी विनोद उनियाल, एसीएमओ डॉ. रमेश कुंवर, एडीपीआरओ नितिन नौटियाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# दलवीर सिंह रावत बने क्षेत्रीय अध्यक्ष

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : उत्तराखंड वन विकास निगम कर्मचारी संगठन की पुरानी क्षेत्रीय कार्यकारणी को भंग कर नवीन कार्यकारणी का गठन किया गया। इस दौरान दलवीर सिंह रावत को क्षेत्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है।

मुख्य चुनाव अधिकारी बुद्धि सिंह राणा व प्रेम सिंह चौहान की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया संपन्न करवाई गई। नवीन कार्यकारणी में दलवीर सिंह रावत अध्यक्ष, हितेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राहुल वेदवाल उपाध्यक्ष, सोहन लाल जखमोला मंत्री, आनंदमाणी मैठाणी कोषाध्यक्ष, चंद्रपाल सिंह व अशोक कुमार संगठन मंत्री, जबकि राजीवर चौहान को प्रचार मंत्री चुना गया है।

इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ललित शर्मा, प्रदेश महामंत्री गिरीश नैथानी की उपस्थित में पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती का संकल्प लिया।

इस मौके पर राजेंद्र सिंह राणा, पूरण सिंह राठौर, मुकेश बड़थ्वाल, वेगराज सिंह आदि मौजूद रहे।



संगठन के नवनियुक्त पदाधिकारी

## यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर करें सख्त कार्रवाई

**पौड़ी** : जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम ने सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सभी अफसरों को नियमित चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शाम 5 से 9 बजे के बीच सड़कों पर ड्रंक एंड ड्राइव पर अंकुश लगाने के लिए सघन चेकिंग अभियान चलाया जाए और यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की डीएम ने सड़क के दोनों और उगी झाड़ियों के कटान व पेड़ों की लॉपिंग को भी लोनिवि को निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान ने अफसरों को एक महीने में ड्रंक एंड ड्राइव के कम से कम सौ चालान करने के निर्देश दिए। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकशु लगाने के लिए शादी के सीजन में नियमित चेकिंग अभियान चलाए जाए। जाए। इस दौरान बताया गया कि जनवरी से अक्टूबर तक 58 सड़क दुर्घटनाओं में 35 यात्रियों की मौत हुई, जबकि 119 यात्री घायल हुए हैं। इसमें अधिकांश घटनाएं सांय 6 से 9 के बीच में हुई है। जनवरी से अक्टूबर तक यातायात के नियमों का उल्लंघन करने पर 7690 चालान किए गए हैं। जिसमें 884 ओवर स्पीड व 227 ड्रंक एंड ड्राइव के चालान शामिल है। बैठक में एसएसपी श्वेता चौबे, अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग पीएस बृजवाल, अपर पुलिस अधीक्षक जया बलूनी आदि शामिल रहे।

## चेस प्रतियोगिता में राजदीप, राशि, कार्तिक, मानसी ने मारी बाजी

**श्रीनगर गढ़वाल** : श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल श्रीनगर में तीन दिवसीय वार्षिक खेल महाकुंभ के समापन अवसर पर जूनियर और सीनियर वर्ग की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। चेस प्रतियोगिता के सब जूनियर वर्ग में रामानुजन सदन के राजदीप, बालिका वर्ग में रामानुजन सदन की राशि ने जीत हासिल की। चेस की सीनियर वर्ग की प्रतियोगिता में बालक वर्ग से एचजे भाभा सदन के कार्तिक, बालिका वर्ग से आर्यभट्ट सदन की मानसी नें शानदार जीत हासिल की।

इस मौके पर खो-खो प्रतियोगिता में आर्यभट्ट सदन ने प्रथम, एचजे भाभा सदन ने दूसरा व रामानुजन सदन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कैरम प्रतियोगिता में सब जूनियर वर्ग में आर्यभट्ट सदन के ऋषभ व दीपांशु ने जीत हासिल की। वहीं बालिका वर्ग से सीवी रमन सदन की प्रिया और दिव्या ने बाजी हाथ मारी। कैरम प्रतियोगिता के सीनियर बालक वर्ग में सीवी रमन सदन के शुभम व अंकुश नें प्रथम रामानुजन सदन के प्रखर और अनुज ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कैरम सीनियर बालिका वर्ग में एचजे भाभा सदन की अनीशा व आरती ने प्रथम, सीवी रमन सदन की कनिष्का व आकांक्षा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन प्रतियोगिता के बालक वर्ग सिंगल में सीवी रमन सदन के श्रेयांश पंवार व बालिका वर्ग से गौरी गैरोला ने जीत हासिल की।

बैडमिंटन प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में डबल्स में रामानुजन सदन के आदित्य राज व सार्थक कण्डारी, वहीं बालिका वर्ग डबल्स में एचजे भाभा सदन की कोमल नेगी व कनिका बंगवाल ने शानदार जीत हासिल की। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य दान सिंह बिष्ट ने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं दीं। (एजेंसी)

## आज 1880 परीक्षार्थी देगें समूह ग की परीक्षा

**पौड़ी** : उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की समूह ग की भर्ती परीक्षा रविवार को होगी। जिले के पौड़ी में उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा रविवार को होने वाली समूह ग की परीक्षाओं के लिए 7 केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें 1880 परीक्षार्थी शामिल होंगे। सभी सातों केंद्रों पर एक-एक सेक्टर मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई है।परीक्षा को निष्पक्ष बनाने को लेकर आयोजित बैठक में जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान ने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर धारा 144 लागू रहेगी। कहा कि इस दौरान परीक्षा केंद्रों की सीसीटीवी कैमरा से निगरानी करते हुए अभ्यर्थियों की जांच पड़ताल करने के बाद ही उसे परीक्षा में बैठने की अनुमति प्रदान करें। उन्होंने परीक्षा के लिए बनाए गए नोडल आधिकारियों व सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों को गंभीरता से अपने दायित्व का निर्वहन करने के निर्देश दिए। एसएसपी श्वेता चौबे ने परीक्षार्थियों को समय से अपने केंद्र पर पहुंचने और परीक्षा में सभी नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने स्थानीय पुलिस को यातायात का भी ध्यान रखने के निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम सदर स्मृता परमार, उत्तराखंड लोक सेवा आयोग से दीप्ति रावत, विनय बहुगुणा आदि मौजूद रहे।

# बाजार में दिन में नहीं चलेंगे दोपहिया वाहन, पालिका की बैठक में लिया निर्णय

**अल्मोड़ा।** पालिकाध्यक्ष प्रकाश चन्द्र जोशी की अध्यक्षता में नगर पालिका परिषद अल्मोड़ा की मासिक बैठक आहूत की गई। शनिवार को आयोजित बैठक में पिछली मासिक बैठक दिनांक 13–09–2023 की पुष्टि की गई व माह सितम्बर, अक्टूबर 2023 के आय–व्यय का विवरण सदन के समक्ष प्रस्तुत किया गया। सदन में नगर की सफाई व्यवस्था को दुरूस्त रखने हेतु सफाई निरीक्षक को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए तथा नगर की पथ प्रकाश व्यवस्था को बनाए रखने हेतु प्रकाश निरीक्षक को निर्देशित किया गया। अवर अभियन्ता द्वारा प्रस्तुत निर्माण के आगणनों की स्वीकृति सदन द्वारा प्रदान की गई।

नगर सिटी बस वाहन जो नगर के जीजीआईसी लिंक रोड से होते हुए बेस तथा बेस से करबला होते हुए जीजीआईसी तक पूर्व में प्रारम्भ की गई थी उक्त वाहन का मार्ग बदलने से पालिका को काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। सदन द्वारा यह निर्णय लिया गया कि जो रोड परमिट सम्भागीय परिवहन अधिकारी द्वारा जिस रूट हेतु शुरू में दिया गया था यही परमिट लागू किया जाय अन्यथा पालिका को वाहन बन्द करना पड़ेगा। सदन द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि जिन कुत्तों का रजिस्ट्रेशन नगर पालिका परिषद, अल्मोड़ा द्वारा किया गया है, उन कुत्तों को एंटी रेबीज इन्जेक्शन मुफ्त में लगाये जाने हेतु मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये जाने हेतु प्रस्ताव पारित किया गया। सदन में खजान्ची मुहल्ले में स्वामी विवेकानन्द जी की मूर्ति लगाए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया।

बाजार क्षेत्र में दुपहिया वाहनों के आवागमन से दुर्घटनाओं एवं पैदल जनता के आवागमन की असुविधा के दृष्टिगत तथा विभिन्न संगठनों की माँग पर दुपहिया वाहनों के प्रवेश को प्रातः 8:00 बजे से सायं 8.00 तक प्रतिबन्धित किए जाने पर बोर्ड द्वारा सहमति प्रदान की गई। सदन द्वारा दीनदयाल उपाध्याय पार्क में स्थापित ओपन जिम की देख–रेख हेतु एक समिति का गठन किया गया। पालिका की आय बढ़ाने हेतु अध्यक्ष द्वारा सभी पटल सहायकों को आवश्यक निर्देश दिए गए। यहाँ बैठक में पालिकाध्यक्ष प्रकाश चन्द्र जोशी, सभासद दीपा साह, दीप्ती सोनकर, आशा रावत, राजेन्द्र तिवारी, हेम चन्द्र तिवारी, जगमोहन बिष्ट, मनोज जोशी, तरन्नुम बी, विजय पाण्डे, अमित साह, सौरभ वर्मा, सचिन आर्या, रेखा अल्मियां, अर्जुन बिष्ट, दीपक वर्मा तथा अधिशासी अधिकारी भरत त्रिपाठी एवं पालिका के समस्त अनुभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।



## मां जब गांव आती थीं तो यही अखरोट ले जाती थीं...महेंद्र सिंह धोनी ने ताजा की पुरानी यादें

**अल्मोड़ा**। महेंद्र सिंह धोनी उत्तराखंड में चार दिनों के निजी भ्रमण कार्यक्रम के बाद रांची वापस लौट गए। जाते–जाते धोनी यहां बिताए यादगार पल अपने साथ ले गए और लोगों से बचपन की यादें साझा कर गए। धोनी के सरल और सादगी भरे अंदाज ने हर किसी को अपना कायल बना दिया। अखरोट देखते ही धोनी के मुंह से एकाएक निकला, जब–जब मां गांव आती थीं तो यही अखरोट ले जाती थीं...। अपने पैतृक गांव ल्वाली और फिर नाटाडोल गांव में धोनी को भरपूर प्यार के साथ आशीर्वाद भी मिला। गुड़ की चाय हो या स्थानीय उत्पाद, धोनी से सबका स्वाद लिया। शनिवार सुबह ग्रामीणों ने उन्हें अखरोट दिए तो उनकी बचपन की यादें ताजा हो गईं। उन्होंने बताया कि समय–समय पर मां ल्वाली और नाटाडोल गांव आती रही हैं। हर बार वह यहां से अखरोट, माल्टा और

अन्य उत्पाद लाती रही हैं। आज यहां इन उत्पादों का स्वाद लेकर पुरानी यादें फिर से ताजा हो गईं। धोनी ने कहा कि मां कई बार काफल का जिक्रकिया करती हैं।

## कर्मचारियों ने काला फीता बांधकर की गेट मीटिंग

पौड़ी : उत्तरांचल फेडरेशन ऑफ़ मिनिस्टीरियल सर्विसेज एसोसिएशन उत्तराखंड प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर आंदोलन के पहले चरण के तहत शनिवार को भी कर्मचारियों ने काला फीता बांधकर गेट मीटिंग की। पदाधिकारियों ने 7 दिसंबर को जिले में आयोजित होने वाली महाचेतावनी रैली में बड़ी संख्या में हिस्सा लेने की अपील की। पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि जल्द ही 21 सूत्रीय मांगों का हल नहीं होने पर वे सड़कों पर उतकर आंदोलन करेंगे। जनपद अध्यक्ष रेवती नंदन डंगवाल की अगुवाई में कई विभागों में जाकर कर्मचारियों को आगामी कार्यक्रम को लेकर जागरूक किया गया।

## सम्पादकीय

# आप की साख बिगाडने का अभियान

पुलिस या कोई भी कानून प्रवर्तन एजेंसी चाहे तो किसी भी व्यक्ति को किसी मामले में फंसा सकती है। लेकिन अरविंद केजरीवाल ने इसका मौका भी दिया है। उन्होंने ऐसे ऐसे लोगों को चुन कर विधायक, मंत्री या राज्यसभा सांसद बनाया है, जिनके खिलाफ किसी भी समय एजेंसी कार्रवाई कर सकती है। नया नाम दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री राजकुमार आनंद का है, जिनके यहां प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने छापा मारा है। राजकुमार आनंद कुछ दिन पहले ही मंत्री बने हैं। राजेंद्र पाल गौतम के हिंदू देवी–देवताओं के बारे में दिए गए विवादित बयान के बाद उनको हटाया गया था और उनकी राजकुमार आनंद मंत्री बने। पिछले साल अक्टूबर में राजेंद्र पाल गौतम हटाए गए थे और उसके बाद राजकुमार आनंद मंत्री बने थे। सो, उनके खिलाफ कार्रवाई एक साल में बतौर मंत्री किए किसी काम की वजह से नहीं हुई है। उनके ऊपर पुराने मामले में कार्रवाई हुई है। असल में डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलीजेंस यानी डीआरआई ने उनके खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उन्होंने कस्टम को गलत जानकारी देकर सात करोड़ रुपए बचाए थे। उस मामले में उनके खिलाफ धन शोधन निरोधक कानून यानी पीएमएलए के तहत मुकदमा करके ईडी ने कार्रवाई शुरू की है। आम आदमी पार्टी के अब तक एक दर्जन नेताओं के खिलाफ कार्रवाई हुई है, जिनमें से ज्यादातर भ्रष्टाचार, हवाला और धन शोधन के मामले में हुई है।

यह सही है कि केजरीवाल ने चुन चुन कर ऐसे लोगों को विधायक, मंत्री और राज्यसभा सांसद बनाया है, जिनमें से अनेक कारोबारी हैं और पहले से किसी न किसी विवाद में घिरे रहे हैं। ऐसे लोगों पर एजेंसियों के लिए कार्रवाई आसान हो जाती है। लेकिन ऐसे लोगों के अलावा सामाजिक या राजनीतिक कार्यकर्ता रहे दिल्ली व पंजाब के नेताओं के खिलाफ भी कार्रवाई हुई है। सवाल है कि आप नेताओं के ऊपर इतनी कार्रवाई क्यों हो रही है? इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि केजरीवाल ईमानदारी का ढोल बहुत पीटते हैं। उन्होंने विवादित लोगों और कारोबारियों को पार्टी में आगे बढ़ाया है और विवादित फैसले भी किए हैं लेकिन अपने को सबसे ईमानदारी साबित करते रहते हैं।

## आज होगी सहकारिता और पर्यावरण पर्यवेक्षक की परीक्षा

नई टिहरी : रविवार 19 नवम्बर को (आज) आयोजित होने वाली सहकारिता पर्यवेक्षक एवं पर्यावरण पर्यवेक्षक (समूह ग) की परीक्षा की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन की ओर से एडीएम केके मिश्रा ने जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रटों की बैठक कार्यालय में ली।

बैठक में एडीएम ने सभी जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिये कि परीक्षा के शान्तिपूर्ण एवं व्यवस्थित संचालन के लिए अपने-अपने दायित्वों का अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे।

कहा कि कक्ष निरीक्षक व परीक्षा से सम्बद्ध स्टाफ मोबाइल फोन एवं किसी भी प्रकार के बैग व थैला को परीक्षा कक्ष में न ले जायें। एडीएम ने बताया कि जनपद में 5 केन्द्रों पर सहकारिता पर्यवेक्षक एवं पर्यावरण पर्यवेक्षक की परीक्षा 19 नवम्बर को सुबह 11 बजे से आयोजित की जायेगी। जिसमें 1200 अभ्यर्थी परीक्षा में प्रतिभाग करेंगे। जिसके लिए 1 जोनल मजिस्ट्रेट, 5 सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा 3 रिजर्व सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पर्याप्त सुरक्षा कर्मी नियुक्त किये गये हैं। (एजेंसी)

# उत्तरकाशी टलन निर्माण पर एक्सपर्ट ने उठाए सवाल

### सुप्रीम कोर्ट में दाखिल करेगें पीआईएल

उत्तरकाशी : उत्तरकाशी टलन निर्माण पर अब कई सवाल खड़े हो रहे हैं। रेस्क्यू अभियान के बीच टनल के निर्माण के मानक, गुणवत्ता पर भी सवाल उठने लगे हैं। सवाल यह है कि टनल निर्माण के दौरान बिना कंक्रीट की ब्लॉकिंग किए ही काम आगे क्यों बढ़ाया जाता रहा? टनल के भीतर रखे ह्यूम पाइप को भी हटाने की जरूरत क्या थी? टनल में रेस्क्यू अभियान और घटना का अध्ययन करने पहुंचे अधिवक्ता श्रीकांत शर्मा ने भी कई गंभीर बिंदुओं को उठाया है। मूल रूप में सिविल इंजीनियर शर्मा सुप्रीम कोर्ट में वकालत करते हैं। श्रीकांत का कहना है कि टनल निर्माण में लापरवाही के लिए निर्माण एजेंसी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। जल्द ही इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में पीआईएल दाखिल की जाएगी। उधर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा भी निर्माण के मानकों की अनदेखी पर सवाल उठा रहे हैं। माहरा का कहना है कि टनल में घटना के बाद ह्यूम पाइप डाले जा रहे हैं। जबकि ये तो टनल बनने के



साथ-साथ ही डाले जाने चाहिए थे। जब भी कोई टनल बनाई जाती है तो उसके अंदर सेफ ट्रेंचिंग करके पूरी तरह कंक्रीट की ब्लॉकिंग की जाती है। इससे ऊपर पहाड़ी से कितना भी दबाव आए, वही कंक्रीट ब्लॉकिंग सुरंग को संभालने का काम करती है। लेकिन यहां ऐसा नहीं हुआ और बीच में पोर्शन को बिना लाइनिंग और गार्टर रिब के ही छोड़कर आगे का काम किया गया। टनल में ह्यूम पाइप डाले गए थे, लेकिन उन्हें हटा दिया गया। आज उन्हीं ह्यूम पाइप की सहायता से भीतर फंसे मजदूर आसानी से बाहर निकल सकते थे। ह्यूम पाइप हटाने के पीछे किसी भी स्तर पर ठोस जवाब नहीं मिल पा रहा है। वर्तमान मे ड्रिलिंग कर रही मशीन बेहतरीन है। इससे रेस्क्यू अभियान सफल होने की पूरी उम्मीद है। लेकिन पहली मशीन लगाने का प्रयोग सही नहीं था। उसके आगे बाहर की तरफ सिर्फ एक ब्लैड लगाई गई थी। उससे की मदद से हार्ड रॉक पर ड्रीलिंग काफी मुश्किल होती है। यदि पहले ही नई मशीन मंगा ली जाती तो अब तक सभी लोग बाहर हो सकते थे। करना माहरा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हादसे के लिए जिम्मेदार कंपनी और अधिकारियों पर तत्काल मुकदमा दर्ज होना चाहिए। हादसे के दिन से ही सारे ऑपरेशन की जिम्मेदारी एडीएम रैंक के अधिकारी संभाल रहे हैं। खुद अधिकारी स्वीकार कर रहे हैं कि बचाव कार्य में लगी एजेंसियों के बीच तालमेल की कमी है। वहीं अंशु मनीष खलको निदेशक एनएचआईडीसीएल ने कहा कि अभी पूरा फोकस रेक्यू कार्य पर है। टनल निर्माण में लापरवाही हुई है या नहीं, इन पहलुओं पर जांच पर बाद में विचार किया जाएगा। (एजेंसी)

## प्रमुख सचिव ने चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनीं

नई टिहरी : प्रमुख सचिव शहरी विकास, वन एवं पर्यावरण विभाग आरके सुधांशु ने नरेंद्रनगर के ग्राम पंचायत कोडारना में चौपाल लगाकर जन समस्याएं सुनीं। इस मौके पर उन्होंने राज्य एवं केन्द्र सरकार की संचालित विभिन्न प्रकार की योजनाओं की समीक्षा करते हुए इनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। शनिवार को ग्राम सुराज चौपाल कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत कोडरना के पंचायत भवन में प्रमुख सचिव सुधांशु ने जनता की समस्याएं सुनीं। इस मौके पर अधिकांश शिकायत जंगली जानवरों से फसलों के नुकसान को लेकर आई। जिसे लेकर अधिकारियों को त्वरित निस्तारण कर कार्रवाइ के निर्देश दिए गए। क्षेत्र के ग्रामीणों ने इस मामले में प्रमुख सचिव को बताया कि ग्राम पंचायत कोडारना के राजस्व ग्राम कोल में जंगली जानवरों से कृषि को भारी हानि हो रही है। जिससे कृषकों में खेती के प्रति रूचि घट रही है। पंचायत भवन के लिए कंप्यूटर एवं सीसीटीवी लगाये जाने की मांग ग्रामीणों ने की। ग्राम कुशरेला में मनइच्छा मंदिर में विद्युत लाइन लगाये जाने, क्षेत्र में पुलिस चौकी खोले जाने, खेतों की सिंचाई को पम्पिंग योजना सम्बंधी मांग भी ग्रामीणों ने प्रमुख सचिव के समक्ष रखी। सभी मांगो पर प्रमुख सचिव ने जल्दी ही उचित कार्यवाही का भरोसा देते हुए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। दिवली कुण्ड को सड़क मार्ग से जोड़े जाने की मांग पर सुधांशु ने लोनिवि के अधिकारियो से जानकारी लेते हुए वन राजस्व एवं लोनिवि के अधिकारियों को 26 नवम्बर को संयुक्त सर्वे करने के निर्देश दिए। लोनिवि को निर्देश दिये की एक सप्ताह के भीतर मुख्य मार्ग से कोडरना मार्ग पर साइन बोर्ड लगाएं सीडीओ मनीष कुमार ने विभिन्न विभागों की जन कल्याणकारी योजनाओ की जनपद में भौतिक प्रगति की जानकारी दी। इस अवसर पर डीएफओ नरेन्द्रनगर सुमित कंवर, डीडीओ सुनील कुमार, डीईओ माध्यमिक उमा पंवार, बेसिक वीके ढौंडियाल, एएमए जिला पंचायत संजय खण्डूरी, सीवीओ डा. आशुतोष जोशी, डीपीआरओ एमएम खान, डीपीओ सुहेब हुसैन, डीएसओ अरुण वर्मा, डीएचओ आरएस वर्मा, एसडीएम नरेन्द्रनगर देवेन्द्र सिंह नेगी, सीओ नरेन्द्रनगर अस्मिता ममगाई आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## मिनिस्टीरियल कर्मियों ने गेट मीटिंग की

ऋषिकेश। पदोन्नति प्रक्रिया में तेजी लाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर मिनिस्टीरियल कर्मी आंदोलनरत हैं। शनिवार को मिनिस्टीरियल कर्मियों ने सरकारी अस्पताल में गेट मीटिंग कर सरकार से उनकी समस्याओं पर जल्द कार्रवाई करने की मांग उठाई।

## विजेता प्रतिभागी दिखाएंगे खेल महाकुंभ में दमखम

नई टिहरी : युवा कल्याण विभाग की ओर से में जाखणीधार ब्लॉक के न्याय पंचायत ढुंग बडवाली के खेल महाकुंभ में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के बालिका वर्ग अंडर-17 की 100, 200, 600, 1500 और 3000 मीटर दौड़, चक्का और भाला फेंक में रोशनी विजेता बनी। विजेता प्रतिभागी अब ब्लॉक स्तर पर होने वाले खेल महाकुंभ में दमखम दिखाएंगे।

न्याय पंचायत ढुंग बडवाली के सेमंडीधार में आयोजित खेल महाकुंभ का समापन हुआ। प्रतियोगिता के अंडर-14 बालिका वर्ग कबड्डी में राजकीय इंटर कॉलेज सेमंडीधार प्रथम, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय स्यूरी द्वितीय स्थान हासिल किया।

बालक वर्ग में राजकीय इंटर कॉलेज ढुंग पहले, स्यूरी दूसरे और मंदार तीसरे स्थान पर रहे। अंडर-17 बालिका वर्ग में ढुंग प्रथम, सेमंडीधार द्वितीय, मंदार तृतीय रहा। बालक वर्ग में राजकीय इंटर कॉलेज कोपड़ धार पहले, ढुंग दूसरे स्थान पर रहा। एथलेटिक्स बालक वर्ग की 60, 600 मीटर दौड़, चक्का गोला, भाला फेंका में राजकीय इंटर कॉलेज ढुंग के अर्जुन बालिका वर्ग में वर्षा, अंबिका, नंदिनी प्रथम रहे।

## 13 श्रमिकों का ही श्रम नियमों के अनुसार रजिस्ट्रेशन

उत्तरकाशी : तो क्या सिलक्यारा टनल के भीतर खुदाई के लिए मजदूरों को उनकी स्वास्थ्य जांच किए बिना ही भेज दिया जाता था? यहीं नहीं टनल में जिदंगी के लिए जूझ रहे मजदूरों में केवल 13 का ही श्रम नियमों के अनुसार रजिस्ट्रेशन है। बाकी मजदूरों का विधिवत इंश्योरेंस भी नहीं है।

श्रम कानूनों के पालन की जांच को आए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य अधिवक्ता राजेश कुमार राणा ने यह दावा किया है। इस कमेटी का गठन हाईकोर्ट के निर्देश पर किया जाता है। उन्होंने कहा कि टनल में मजदूरों के फंसने के बाद उन्हें मजदूरों के पंजीकरण व अन्य मामलों में जांच के निर्देश मिले हैं।

प्राधिकरण के सदस्य प्रभारी चिकित्साधिकारी-बड़कोट सीएचसी डॉ. अंगद राणा, पुरोला सीएचसी के डॉ. कपिल तोमर के साथ जब पड़ताल की गई तो कई बातें सामने आईं। उनके अनुसार टनल में फंसे 28 मजदूर तो बिना बीमा और पंजीकरण के काम कर रहे थे। नियमानुसार टनल के भीतर काम करने वाले मजदूरों और कार्मिकों का स्वास्थ्य परीक्षण भी होना चाहिए था। लेकिन मजदूरों का भी स्वास्थ्य परीक्षण नहीं कराया गया। यह गंभीर लापरवाही है। अधिवक्ता राणा ने बताया कि हाईकोर्ट को इसकी रिपोर्ट भेज दी गई है। निर्माण कंपनी के प्रतिनिधि सुनील गौरव ने बताया कि कंपनी में काम करने वाले मजदूरों का श्रम विभाग में रजिस्ट्रेशन भी है और उन्हें बीमा सुरक्षा भी है। लेकिन, ठेकेदार के जरिए कार्यरत मजदूरों के बारे में उन्हें जानकारी नहीं है। अपर जिला अधिकारी तीर्थ पाल सिंह ने बताया है कि फिलहाल पहली प्राथमिकता है कि सुरंग के अंदर फंसे मजदूरों को सकुशल बाहर निकाल लिया जाए। शिकायतों की जांच इसके बाद की जाएगी। जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। (एजेंसी)

### रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद होगी जांच :एसपी

एसपी अर्पण यदुवंशी ने बताया कि टनल के भीतर फंसे मजदूरों को लेकर विभिन्न राज्यों से आए लोगों ने शिकायत भी की है। उनका आरोप है कि यहां मजदूरों बीमा और पंजीकरण भी नहीं कराया हुआ है। इस विषय को गंभीरता से लिया जा रहा है। रेस्क्यू अभियान पूरा होने के बाद सभी पहलुओं की जांच की जाएगी।

### यह है व्यवस्था

ई-श्रम कार्ड योजना के जरिए सरकार श्रमिको को दो लाख रुपये का दुर्घटना बीमा देती है। इसके लिए पात्र लाभार्थी को कोई भी प्रीमियम राशि नहीं देनी पड़ती है। योजना के तहत यदि कोई व्यक्ति दुर्घटना में दिव्यांग हो जाता है तो एक लाख रुपये की सहायता दी जाती है।

### सड़क पर पलटा वाहन, छः घायल

चमोली : गौचर जाते हुए बदरीनाथ हाईवे पर एक वाहन बंदरखंड के पास सड़क पर पलट गया। जिसमें सवार छह लोग घायल हो गए। चौकी प्रभारी महावीर सिंह गुसाईं ने बताया कि सूचना पर वाहन दुर्घटना में घायल सूरज निवासी पनाई, मोहित और जसदेई निवासी चटवापीपल, वीरेंद्र सिंह निवासी किरसाल, अमन निवासी नारायणगढ़ और हिमांशु निवासी कोठियालसैंण को वाहन से निकालकर प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।

एसआई गुसाईं ने बताया कि घायलों के परिजनों से संपर्क किया जा रहा है। (एजेंसी)

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com

## जनपद स्तरीय पशु क्रूरता निवारण समिति की हुई बैठक



चमोली,उत्तराखंड गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष पं राजेंद्र अंतवाल की अध्यक्षता शनिवार को विकास भवन सभागार में जनपद स्तरीय पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बैठक में अवगत कराया कि जिलाधिकारी के द्वारा विभिन्न नगर पालिकाओं में गो सदनों के निर्माण हेतु भूमि आवंटित की गई है जिसमें गौ सदनों का निर्माण किया जाना है। मुख्य विकास अधिकारी ने अवगत कराया कि जैसे ही शासन से धनराशि प्राप्त होती है, इस कार्य को शीर्ष प्राथमिकता से पूरा किया जाएगा।

मा अध्यक्ष द्वारा शहर में घूम रहे निराश्रित पशुओं के संबंध में नगर निकायों के सभी अधिशासी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मुख्य शिक्षा अधिकारी को शिक्षण संस्थाओं के माध्यम से गोवंश के सामाजिक एवं आर्थिक गुणों के बारे में बच्चों को जानकारी उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया ताकि बच्चों में गोवंशीय पशुओं के प्रति स्नेह बना रहे तथा वे जागरूक नागरिक बनकर पशुओं के प्रति करूणा पूर्वक व्यवहार करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ ललित नारायण मिश्र. परियोजना निदेशक आनंद सिंह मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रलयंकर नाथ, मुख्य शिक्षा अधिकारी धर्म सिंह एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## अल्पसंख्यकों के हितों को लेकर काम करें कार्यकर्ता व पदाधिकारी : गौड़

नई टिहरी : भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अनीश गौड़ प्रवास पर जनपद टिहरी के जिला मुख्यालय पहुंचे। भाजपा के जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल व अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष तौफीक अहमद ने जिला भाजपा कार्यालय में उनका स्वागत किया। इस मौके पर अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की बैठक लेते हुए गौड़ ने कहा कि अल्पसंख्यक हितों के लिए निरंतर काम रहते हुए अल्पसंख्यकों को तेजी से साथ जोड़ने का काम करना है। अल्पसंख्यकों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उन तक शत-प्रतिशत पहुंचे, इसके लिए भी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को निरंतर काम करते रहने की आवश्कता है। लोगों के बीच काम कर पैठ बनाने का काम कार्यकर्ता व पदाधिकारी तत्परता से करें। आगामी लोकसभा चुनाव में मोर्चा अपनी भूमिका अहम बनाते हुए तेजी से काम करे, ताकि मोदी को एक बार फिर देश का पीएम बनाकर भाजपा को मजबूत किया जा सके। सरल ऐप में गतिविधियों का संचालन तेजी करने की अपील भी की। गौड़ ने मंडलों का सत्यापन भी मौके पर किया। इस मौके पर अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महामंत्री असगर अली, रइस, नासिर अली सहित दर्जनों मौजूद रहे। (एजेंसी)


# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड-पौड़ी

पत्रांक 1569 /दो-लेखा/ग्रा0नि0वि0/2023-24 दिनांक 10 /11/2023

## ''अल्पकालीन कोटेशन सूचना''

टैक्सी वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षकर्ता कार्यालय को शासकीय कार्यों के सम्पादन/निरीक्षण हेतु दो डीजल चलित बुलेरो वाहन अथवा समतुल्य डीजल चलित वाहन किराये पर रखने की आवश्यकता है। इस हेतु मुहरबन्द कोटेशन आमन्त्रित किये जाते है।

इच्छुक वाहन स्वामी दैनिक किराये की दरों वाहन चालक सहित/बिना वाहन चालक (पृथक-पृथक) व अन्य वांछित दस्तावेजों सहित अपना कोटेशन इस कार्यालय में दिनांक 28.11.2023 को 01.00 बजे अपराह्न तक बंद लिफाफे में किसी भी कार्य दिवस में उपलब्ध करा सकते है। विलम्ब से प्राप्त कोटेशन पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा। वाहन से सम्बन्धित शर्तें निम्नवत है।

---------शर्तें---------

01:- वाहन का पंजीकरण जनपद पौड़ी के परिवहन कार्यालय में होना आवश्यक है। जनपद के परिवहन कार्यालय में पंजीकृत वाहन उपलब्ध न होने पर निकटवर्ती जनपदों के परिवाहन कार्यालय में पंजीकृत वाहनों पर विचार किया जा सकता है।

02:- वाहन का मेक मॉडल वर्ष 2022 से पुराना नहीं होना चाहिए।

03:- नये वाहन को प्राथमिकता दी जायेगी।

04:- वाहन का अनुबन्ध 01 वर्ष का होगा। आवश्यकतानुसार परस्पर सहमति पर अनुबन्ध आगे भी बढ़ाया जा सकता है।

05:- वाहन में मात्र ईधन विभाग द्वारा देय होगा। वाहन स्वामी को कोटेशन के साथ वाहन के औसत ईधन खपत की मात्रा से अवगत कराना अनिवार्य है।

06:- वाहन का औसत माइलेज कम से कम 12 कि0मी0 प्रति लीटर अनिवार्य है।

07:- कोटेशन दाता वाहन किराऐं की दरें जी0एस0टी0 रहित ही उपलब्ध कराऐं।

08:- चालक सहित वाहन चालक का वेतन, वर्दी आदि की सम्पूर्ण व्यवस्था वाहन स्वामी को करनी होगी एवं वाहन चालक रहित वाहन चालक हेतु समस्त व्यवस्था विभागीय होगी।

09:- इंजन ऑयल एवं अन्य समस्त मरम्मत कार्यों का व्यय वाहन स्वामी द्वारा वहन किया जायेगा।

10:- वाहन आवश्यकता के अनुरूप अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना होगा।

11:- वाहन की सुरक्षा, मरम्मत सर्विसिंग आदि की पूर्ण जिम्मेदारी वाहन स्वामी की होगी विभागीय वाहन चालक इस हेतु जिम्मेदार नहीं होगा।

12:- कोटेशन के साथ वाहन की आर0सी0, परमिट इन्श्योरेन्स, ड्राइविंग लाइसेन्स, प्रदूषण प्रमाण पत्र एवं तत्सम्बन्धी समस्त अभिलेखों की प्रमाणित प्रतियों संलग्न करना आवश्यक है।

13:- वाहन का परमिट समस्त उत्तराखण्ड का होना आवश्यक है।

14:- विभाग द्वारा किराया दैनिक आधार पर मासिक रूप से दिया जायेगा।

15:- यात्रा के दौरान यदि वाहन में कोई खराबी आती है तो स्वामी को तत्काल दूसरे वाहन की व्यवस्था करनी होगी। ऐसी न करने पर लिये गये वैकल्पिक वाहन के किराये की कटौती वाहन स्वामी के बिल से की जायेगी।

16:- अर्ह कोटेशन प्राप्त होने पर अनुबन्ध की कार्यवाही रू0 5000.00 धरोहर धनराशि जो कि एफ0डी0आर0 के रूप में हो तथा अधोहस्ताक्षरी के नाम बंधक हो, अनिवार्य रूप से कार्यालय में प्रस्तुत किया जाना होगा।

17:- किन्हीं भी कारणों से वाहन स्वामी द्वारा हटाए जाने की दशा में न्यूनतम एक माह पूर्व लिखित में कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

18:- बिन्दु संख्या 17 के अनुसार समय से लिखित आवेदन प्रस्तुत नहीं किये जाने पर जमा धरोहर धनराशि राज्यसात् कर दी जाऐगी।

अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण निर्माण विभाग,
प्रखण्ड-पौड़ी।


# परमार्थ निकेतन में टीम इन्डिया के वर्ल्ड चैंपियन बनने हेतु हुई विशेष प्रार्थना

ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन में टीम इन्डिया के वर्ल्ड चैंपियन बनने हेतु विशेष प्रार्थना व यज्ञ का आयोजन किया गया। परमार्थ निकेतन में टीम इन्डिया के चैंपियन बनने का उत्साह स्पष्ट दिखायी दे रहा है।

परमार्थ गुरूकुल के ऋषिकुमार ने अपने हाथों में तिरंगा लेकर लहराते हुये भारत माता की जय नारे और वेदमंत्रों के साथ विशेष पूजन व हवन किया। आज की परमार्थ निकेतन गंगा आरती टीम इन्डिया के मनोबल में वृद्धि, धैर्य, साहस और ऊर्जावान बने रहने हेतु समर्पित की गयी।

परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि भारत के ऊर्जावान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में भारत अद्भुत प्रगति कर रहा है। आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 में टीम इन्डिया की विजय उस कड़ी का विलक्षण उदाहरण होगी। हम सभी टीम इन्डिया और हमारे सभी खिलाड़ियों के साथ है। भारत की अद्भुत प्रगति के साथ इस बार वर्ल्डकप भी भारत माता की गोद में होगा।



आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 का फाइनल मैच में टीम इन्डिया की विजय हेतु परमार्थ निकेतन में विशेष यज्ञ कर विजयी भव की प्रार्थना की। आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 का फाइनल मैच 19 नवम्बर को टीम इन्डिया और ऑस्टेज्लिया के बीच अहमदाबाद नरेन्द्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में कप्तान रोहित शर्मा के नेतृत्व में खेला जायेगा।

### डामरीकरण की धीमी गति से ग्रामीणों में नाराजगी

विकासनगर। त्यूणी–चकराता–मसूरी मलेथा (टीसीएमएम) राष्ट्रीय राजमार्ग पर किया जा रहा डामरीकरण कार्य मौसम ठंडा होने से पहले ही ठंडा पड़ गया, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने कार्यदाई संस्था की सुस्त कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) अधिकारियों से निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरा करने की मांग की है। एनएच पर जमुना पुल से त्यूणी तक 111 किमी लंबे मार्ग पर अप्रैल माह में डामरीकरण कार्य शुरु किया गया था। लोखंडी से चकराता तक तीस किमी मार्ग पर डामरीकरण किया गया,